# हारा जब जब दास तुम्हारा | By Vinod (Vinny)

हारा जब जब दास तुम्हरा
तुमने आकर दिया सहारा
डूबती नैया को बाबा तुमने दिया किनारा
तुमने दिया किनारा........
बाबा नीले घोड़े वाला, है भक्तों का रखवाला
बिगड़ी को बनाएगा , मेरा श्याम खाटूवाला
दुनिया ने मुझे सताया , मैं हार के दर तेरे आया
हारे को जिताएगा ये सोच के दर तेरे आया
हारा जब जब दास तुम्हरा
तुमने आकर दिया सहारा

सुना है मैंने भक्तों पे तुम कृपा करते हो
खाली झोली जो भी लाया पल में भरते हो
हारे का तू साथी बाबा मैं भी हार गया हूँ
देदो चरणों में जगह अब शरण में आ गया हूँ
बाबा नीले घोड़े वाला, है भक्तों का रखवाला
बिगड़ी को बनाएगा , मेरा श्याम खाटूवाला
हारा जब जब दास तुम्हरा
तुमने आकर दिया सहारा

सांझ सवेरे बाबा तेरा नाम लेता हूँ
तेरी कृपा से ही बाबा सांसें लेता हूँ
हर ग्यारस को बाबा मैं तो द्वार तुम्हारे आऊं
द्वार तुम्हारे आके बाबा तेरा दर्शन पाऊं
बाबा नीले घोड़े वाला, है भक्तों का रखवाला
बिगड़ी को बनाएगा , मेरा श्याम खाटूवाला
हारा जब जब दास तुम्हरा
तुमने आकर दिया सहारा

श्याम सलोने मुरली वाले खाटू के राजा
बाँट देखते नैन थक गए नीले चढ़ आजा
याद सताए बाबा तेरी जी ना लागे घर में
बिन्नी तेरा दास है बाबा आ गया तेरे दर पे
बाबा नीले घोड़े वाला, है भक्तों का रखवाला
बिगड़ी को बनाएगा , मेरा श्याम खाटूवाला
हारा जब जब दास तुम्हरा
तुमने आकर दिया सहारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-vinod-vinny/